# बिहार पुलिस अकादमी

## पुलिस अवर निरीक्षकों (2018 बैच) के मौलिक प्रशिक्षण की सत्रांत पूर्व परीक्षा 2021

**पेपर– भैषज विधि विज्ञान**

**कुल अंक 50** *समय 01 घंटा* **उत्तीर्णांक 25**

**निर्देशः**

1. पूरे प्रश्न पत्र को पढ़ समझ लेने के बाद ही प्रश्नोत्तर प्रारम्भ करें।
2. सभी वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रश्न अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न का जो उत्तर विकल्प सबसे सही प्रतीत हो, उत्तर पुस्तिका के पृष्ठ पर उसके नीचे के वृत्त को **काली स्याही से पूरी तरह भर** दें जैसा नीचे उदाहरण में इंगित है।

नमूना प्रश्न : **भैषज विधि विज्ञान के ज्ञान से पुलिस पदाधिकारी :**
क. मेडिकल डिग्री पा सकते है ख. एक दूसरे का ईलाज कर सकते है
ग. बेहतर अनुसंधान कर सकते है घ. उक्त में कोई नहीं
नमूना उत्तर : क ○ ख ○ ग ● घ ○

*प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।*

**1. फाँसी में श्वास वध का प्रमुख कारण है –**
(क) मुख्य धमनी पर कसाव (ख) वैधन का चिन्ह् (ग) दोनों क एवं ख (घ) कोई नहीं।

**2. डूबने से मृत्यु के कारण हो सकते है –**
(क) दम घुटना (ख) बेहोशी (ग) फेफड़ों तथा श्वास नली में झाग (घ) सभी।

**3. बलात्कार को स्थापित करने हेतु स्खलन आवश्यक नहीं है –**
(क) सही है (ख) गलत है (ग) कुछ नहीं कहा जा सकता है (घ) अपराध सिद्ध किया जा सकता है।

**4. " नौ के नियम " किसी प्रकार के जॉच में प्रयोग किया जाता**
(क) अम्ल एवं आग से जलने पर (ख) पानी में डूबने पर (ग) फॉसी लगाने पर (घ) ऊंचाई से गिरने पर।

**5. शव/अनत्य परीक्षण का कानून के प्रयोजन के लिये किया जाता –**
(क) अज्ञात शव के पहचान करना (ख) मृत्यु का समय सुनिश्चित करना
(ग) मृत्यु का कारण ज्ञात करना (घ) उपरोक्त सभी।

**6. शव उत्खनन के लिये सक्षम अधिकारी कौन है ?**
(क) पुलिस अधिकारी (ख) जिला अधिकारी (ग) असैन्य चिकित्सा अधिकारी (घ) मृतक के संबंधी।

**7. शव कादिन्य मृत्यु के उपरांत शव के अंगों का कड़ापन से समय का निर्धारण किया जा सकता है –**
(क) 30 दिन बाद में (ख) 15 दिन बाद में (ग) 7 दिन बाद (घ) 24 घंटे में

**8. चिकित्सक का पीड़िता से डी0एन0ए0 सैम्पल ललेने हेतु किस धारा के तहत प्राधिकृत किया गया है ?**
(क) सी0आर0पी0सी0 164ए (ख) सी0आर0पी0सी0 53ए (ग) सी0आर0पी0सी0 293 (घ) आई0ई0ए0 45

**9. विसरा किन अंगों का भाग होता है ?**
(क) बाल (ख) दॉत (ग) हड्डी (घ) हृदय, प्लीहा, गुदा आदि।

**10. मृत्यु समीक्षा प्रतिवेदन चिकित्सक द्वारा कितनी प्रतियों में भेजा जाना चाहिए ?**
(क) 01 (ख) 02 (ग) 03 (घ) 04

**11. संख्या विष से मृत्यु होने का संदेह होने पर किन अंगों को प्रयोगशाला जॉच के भेजना चाहिए ?**
(क) बाल (ख) हड्डी (ग) दॉत (घ) सभी।

**12. कार्बन मोनोऑक्साइड से मृत्यु होने पर निम्नलिखित पहचान होते है –**
(क) मुँह से झाग निकलना (ख) पेट का फूलना (ग) ऑखे लाल होना (घ) कोई नहीं।

**13. शव परीक्षण के दौरान अनपचा भोजन अमाशय में पाया जाना मृत्यु के समय का द्योतक होता है –**
(क) 1 घटा (ख) 24 घंआ (ग) 12 घंटा (घ) 6 घंटा।

**14. गोली से हत्या होने पर शव का एक्स–रे परीक्षण होने से पता चलता है–**
(क) गोली के मार्ग का (ख) गोली के संख्या का (ग) क एवं ख दोनों का (घ) कोई नहीं।

BPARAJGIR

**15. डायट्म टेस्ट से पता चलता है–**

(क) डूबकर मृत्यु का होना (ख) आंग से जलकर मृत्यु का होना
(ग) शराब पीन से मृत्यु का होना (घ) डुबाने से मृत्यु का होना।

**16. डूबकर मृत्यु होने पर कितने समय में शव तैरते मिल सकता है?**

(क) 18–24 घंटे गर्मी में (ख) 24–36 घंटे सर्दी में (ग) 20 घंटे गर्मी एवं सर्दी में (घ) क एवं ख दोनों।

**17. हयाड हड्डी (Hyoid bone) का टूटना द्योतक होता है ?**

(क) फाँसी (ख) अवरोधन (ग) घुटन (घ) गला घोटना।

**18. जलने से मृत्यु होने पर शव में हड्डी दिखाई दे ंतो जलने की अवस्था पता चलता है–**

(क) 1st डिग्री (ख) 2nd डिग्री (ग) 3rd डिग्री (घ) कोई नहीं।

**19. भ्रूण के डी0एन0ए0 जॉच से पता लगाया जा सकता है–**

(क) माता पिता (ख) भाई बहन (ग) दादा (घ) सभी।

**20. भा0द0सं0 की धारा 320 के अंतर्गत चोटों की व्याख्या की जाती है–**

(क) आँखों की रोशनी जाना (ख) कान से सुनाई नहीं देना (ग) दॉत टुटना (घ) सभी।

**21. सामूहिक यौन हिंसा का पता लगाने के लिये कौन सी जॉच आवश्यक है?**

(क) पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण (ख) सिर्फ पूछताछ
(ग) पीड़िता एवं अभियुक्त डी0एन0ए0 परीक्षण (घ) घटनास्थल का फोटोग्राफी

**22. रेलगाड़ी द्वारा मृत्यु होने पर शव पर चिन्ह् पाये जाते है–**

(क) बहता हुआ रक्त एवं छींटे (ख) कोई रक्तस्त्राव नहीं (ग) हड्डी टुटना (घ) खरोंच आना।

**23. महिला शव की पहचान के लिये उपयुक्त हड्डी कौनी सी है ?**

(क) हाथ की हड्डी (ख) पैर की हड्डी (ग) कमर की हड्डी (घ) दॉत

**24. कंकाल की पहचान हेतु सबसे उचित साक्ष्य कौन है?**

(क) डी0एन0ए0 (ख) फोरेन्सिक मेडिसीन विभाग द्वारा परीक्षण (ग) फोटोग्राफी (घ) कोई नहीं।

**25. शव को अन्तय परीक्षण के लिये भेजते समय कौन से प्रपत्र साथ में भेजे जाते है ?**

(क) प्राथमिकी रिपोर्ट (ख) डेड बॉडी चालान (ग) मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट (घ) ख एवं ग।

**26. यदि मृत्यु जहरखोरी से हुई हो तो निम्नलिखित को सुरक्षित रखने की आवश्यकता होती है–**

(क) अमाशय एवं उसके अंदर का समान (ख) यकृत का टुकड़ा
(ग) एक या दोनों आंखे (घ) गुर्दा एवं प्लीहा के टुकडे

**27. गुमटा (Bruise) का उम्र निर्धारण निम्न से किया जाता है?**

(क) उसके आकार से (ख) उसके रंग से (ग) उक्त दोनो से (घ) उक्त दोनो में किसी से नही

**28. मृत्यु के बाद कारित किए गए गुमटा और मृत्यु पूर्व का गुमटा ?**

(क) भिन्न होते हैं (ख) एक जैसे होते हैं (ग) अन्तर नही बताया जा सकता (घ) दोनों में कोई अन्त नहीं

**29. जख्म निम्न प्रकार के होते हैं?**

(क) केवल चीरा हुआ घाव (ख) केवल छेदा हुआ घाव (ग) केवल चिथड़ा हुआ घाव (घ) उक्त तीनों

**30. आग्नेयास्त्र के निकास जख्म के किनारे होगें?**

(क) असमतल एवं बाहर की ओर निकलते हुए (Everted) (ख) समतल एवं अन्दर की ओर मुडी हुई (Inverted)
(ग) झुलसे हुए होगें (घ) उक्त में कोई नहीं

**31. आग्नेयशास्त्र का प्रवेश जख्म उसके निकास के जख्म से–**

(क) बराबर होगा (ख) छोटा होगा (ग) बड़ा होगा (घ) उक्त में कोई नहीं

**32. देहाती क्षेत्रों में किस विष के कारण आत्महत्या सबसे अधिक होती है?**

(क) विषैली शराब (ख) कीटनाशक (ग) सेखिया (घ) नींद की दवा

**33. मृत्यु पूर्व डुबने का लक्षण है?**

(क) गीला शरीर (ख) पेट में जहरीली शराब (ग) क और ख दोनों (घ) पेट और फेफडे में पानी होना

DPA RAJGR

**34. आत्महत्या (Suicidal) घाव समान्यतः शरीर के किस भाग में होगें?**

(क) सामने की तरफ (ख) सहजता से पहुँचाने वाले स्थान (ग) पीठ पर (घ) क और ख दोनों

**35. आत्महत्या के प्रकरण में वह आग्नेयशास्त्र जिससे जान ली गई–**

(क) शरीर के सटे पास होगा (ख) शरीर के पास नहीं होगा (ग) उक्त में से कोई नहीं (घ) उक्त में से कोई भी

**36. विष कितने प्रकार के होते है ?**

(क) जैविक या वनस्पतिक (ख) कृत्रिम या खनिज (ग) क ख दोनों (घ) उक्त में से कोई नहीं

**37. मृत्यु जहर से हुई है यह स्थापित करने क लिये निम्नलिखित प्रादर्श को जाँच के लिए भेजेगें–**

(क) विसरा (ख) अंगुलांक (ग) मृतक का पारिवारिक इतिहास (घ) उक्त में से कोई नहीं

**38. मृत्यु पूर्व जलने के निश्चित लक्षण है–**

(क) श्वांस नली में कालिख का पाया जाना (ख) शरीर में फफोला पड़ना

(ग) क एवं ख दोनों (घ) शरीर का जला हिस्सा काला पड़ना

**39. आग्नेयशास्त्र के घाव में गोदना जैसा चिन्ह् मिलने का कारण है–**

(क) गोली का गरमी से जलना (ख) धुएं का जमना

(ग) त्वचा पर जले अधजले बारूद कणों का जमना (घ) गोली की पिघली धातु का जमना

**40. मृत्यु पूर्व हुये जख्म में–**

(क) रक्त अधिक निकलता है (ख) धमनी से रक्त फुहाड़े की तरह निकलता है

(ग) निकलने वाला रक्त जम जाता है (घ) उक्त तीनों

**41. मानव पुरूष के कौन से क्रोमोसोम होते है ?**

(क) एक्स एक्स (ख) एक्स ओ (ग) एक्स वाई (घ) वाई वाई

**42. शव के घाव में सूजन, लाली, मवाद का पाया जाना द्योतक है?**

(क) शव के सड़न का (ख) पहचान छुपाने के लिये तेजाब आदि के कारण घाव

(ग) मृत्यु पूर्व घाव का (घ) घाव कारित करने में अधिक बन प्रयोग का।

**43. धातु विष जैसे आर्सेनिक का प्रयोग होने पर किस प्रदर्श को सुरक्षित रखेंगे–**

(क) सिर का बाल (ख) त्वचा (ग) मस्तिष्क (घ) फेफड़ा

**44. स्त्री और पुरूष के कंकाल में सबसे मुख्य अंतर है ?**

(क) खोपड़ी में (ख) कूल्हें की हड्डी में (ग) छाती के पिंजरे में (घ) हाथ, पॉव में

**45. डायटम टेस्ट किस प्रकार के मामले में किया जाता है ?**

(क) फाँसी के प्रकरण में (ख) जलने के प्रकरण में (ग) आग्नेयस्त्र के प्रकरण (घ) डूबने के प्रकरण

**46. प्लेटलेट्स क्या है ?**

(क) लाल रक्त कण (ख) श्वेत रक्त कण (ग) थ्रोंबोसाइट्स (घ) आयरन कम्पाउण्ड

**47. आग्नेयास्त्र प्रकरण में प्रवेश जख्म में क्या मिलता है ?**

(क) बाल का झूलसना (ख) टैटू मार्क (ग) कालापन (घ) उक्त तीनों

**48. मानव शरीर के किस रक्त कोशिका डी0एन0ए0 पाया जाता है ?**

(क) लाल रक्त कण (ख) श्वेत रक्त कण (ग) प्लेटलेट्स (घ) उक्त में कोई नहीं।

**49. प्रदर्श के अग्रसारण पत्र के साथ केस का संक्षिप्त इतिहास देना :**

(क) आवश्यक है (ख) लाभप्रद होगा

(ग) उपरोक्त 'क' और 'ख' दोनों गलत हैं (घ) उपरोक्त 'क' और 'ख' दोनों सही हैं

**50. गिरे हुए रक्त के दाग के आकार और विस्तार से निर्धारित किया जा सकता है कि रक्त :**

(क) किस दिशा से गिरा है (ख) किस उँचाई से गिरा है (ग) उक्त दोनों (घ) उक्त दोनों में कोई नही

BPA RAJGIR